**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 13.05.2026** **समय : 1905**

1. कैबिनेट की सहमति के बाद चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई।
2. वायु क्षेत्र और विमान ईंधन के ऊँचे मूल्य को देखते हुए एयर इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कमी लाने का फैसला किया है।
3. सांसद बिष्णु पद रे ने फरारगंज तहसील के लम्बित सर्वेक्षण कार्यों को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।
4. श्री विजयपुरम में उपायुक्त कार्यालय में पन्द्रह मई को शत्रु सम्पत्ति ई–नीलामी के लिए बैठक होगी।

<><><><><><>

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दी है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने किसानों को उनके उत्पादों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए किसानों को अनुमानित दो लाख साठ हजार करोड रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सीजन में आठ सौ चौबीस लाख मीट्रिक टन से अधिक फसल की खरीद की जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि 14 खरीफ फसलों को उगाने वाले किसानों के लिए वर्ष 2014–15 से 2025–26 तक भुगतान की गई न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि अटठारह लाख निन्यानबे हजार करोड रुपये थी। जबकि वर्ष 2004–05 से 2013–14 तक चार लाख पच्हत्तर हजार करोड रुपये का भुगतान किया गया था।

<><><><><><>

एयर इंडिया ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या में कमी लाने का फैसला किया है। इसके लिए विदेशी मार्गों पर कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी गई हैं। यह फैसला वायु क्षेत्र नियंत्रण और विमान ईंधन के ऊंचे मूल्य को देखते हुए किया गया है। एयर इंडिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय उडान सेवाओं में यह कटौती इस वर्ष जून से अगस्त तक के लिए होगी। दिल्ली–शिकागो मार्ग, मुंबई–न्यूयॉर्क मार्ग, दिल्ली–शंघाई, चेन्नई – सिंगापुर और दो अन्य मार्गों पर अस्थायी रूप से उड़ाने कम की जाएंगी।

<><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई. ने आज कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। सी.बी.एस.ई. के अनुसार सत्रह लाख अड़सठ हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से पन्द्रह लाख सात हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत पिचासी दशमलव दो–शून्य प्रतिशत है।

<><><><><><>

फरारगंज तहसील में चल रहे काफी समय से लंबित सर्वेक्षण एवं प्रबंधन कार्यों को लेकर सांसद विष्णु पद रे ने प्रशासन से स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्य सचिव को इक्कीस अप्रैल को पत्र लिखकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है तथा इसकी प्रतिलिपि गृह मंत्रालय और उपराज्यपाल को भी भेजी है। सांसद ने कहा है कि अधिसूचना जारी होने के बावजूद फरारगंज में अब तक ग्रामवार अंतिम रिकॉर्ड की स्पष्ट स्थिति सार्वजनिक नहीं की गई है। सांसद ने कहा कि सर्वेक्षण एवं प्रबंधन प्रक्रिया के चलते सामान्य राजस्व सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए और जब तक नए रिकॉर्ड विधिवत अंतिम रूप से स्वीकृत नहीं होते, तब तक पुराने रिकॉर्ड के आधार पर ही नागरिक सेवाएं संचालित की जानी चाहिए।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले के श्री विजयपुरम में 15 मई को सुबह 10 बजे उप–आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक और गृह मंत्रालय के तत्वावधान में प्लॉट संख्या 111/1, एबरडीन बाजार स्थित शत्रु संपत्ति की प्रस्तावित ई–नीलामी के संबंध में होगी। बैठक में अधिकारियों द्वारा नीलामी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी तथा अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संपत्ति डीलरों, संभावित बोलीदाताओं और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। ई–नीलामी 25 मई को प्रस्तावित है।

<><><><><><>

ललित कला अकादमी, नई दिल्ली ने सामान्य परिषद में एक सदस्य के नामांकन हेतु अंडमान निकोबार प्रशासन से तीन नामों का पैनल भेजने का अनुरोध किया है। इन नामों में कम से कम एक महिला का होना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के तहत अब कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा उन प्रसिद्ध महिला कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिन्होंने दृश्य एवं प्लास्टिक कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। उम्मीदवार का पूर्व में ललित कला अकादमी की सामान्य परिषद या किसी समिति का सदस्य न होना आवश्यक है। इसके साथ ही कार्यकाल तीन वर्ष का होगा और अधिकतम दो गैर–लगातार कार्यकाल के लिए पात्रता रहेगी। इच्छुक कलाकार आवेदन पच्चीस मई तक कला एवं संस्कृति निदेशक सेल्युलर जेल परिसर में या ईमेल पर भेज सकती हैं।

<><><><><><><>

पुलिस स्टेशन मायाबंदर द्वारा महात्मा गाँधी राजकीय महाविद्यालय में हाल ही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एक सौ पचास से अधिक छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। पुलिस टीम ने नुक्कड़ नाटक और संवाद के जरिए मादक पदार्थों के सेवन, लापरवाह वाहन संचालन तथा ऑनलाइन ठगी जैसे अपराधों के गंभीर परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शिक्षित एवं जागरूक करना, सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना तथा सुरक्षित, स्वस्थ और साइबर जागरूक समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

<><><><><><><>

पुलिस स्टेशन बिल्लीग्राउंड द्वारा ग्यारह मई को कुल चौबीस केस संपत्तियों का निस्तारण किया गया। निस्तारित मामलों में एक एन डी पी एस प्रकरण, ग्यारह अप्राकृतिक मृत्यु मामलों से संबंधित केस संपत्तियां तथा आबकारी विनियमों के तहत दर्ज बारह मामलों की संपत्तियां शामिल थीं। जिन मामलों का निपटारा न्यायालय द्वारा पहले ही किया जा चुका था, उनसे संबंधित केस संपत्तियों का विधि द्वारा निस्तारण किया गया।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छोलदारी क्षेत्र में लाइनों के मरम्मत कार्य किए जाने के चलते सोलह मई को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक निम्बु बगीचा, पोर्ट मोट, ओग्राब्रांज, नमुनाघर से डन्डसप्वाइंट तक के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक लॉग आइलैंड में उनतीस, मायाबन्दर में दस, हटबे में छ और श्री विजयपुरम में दो दशमलव छ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अंडमान निकोबार द्वीप समूह में आने वाले कुछ दिनों तक सामान्यता बादल छाए रहेंगे, तथा गरज और तेज हवाओं के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। हवा की गति उन्नीस मई तक चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटे तक चलने की संभावना है। इस दौरान मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>